<u>पूर्वोत्तर रेलवे</u>

''यॉत्रिक कारखाना पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के अन्तर्गत मोटर सेक्शन के कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' विषय पर कार्याध्ययन।

द्वारा

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0 / 19 / 2018–19

मिसिल संख्या – प्र / 560 / 1 / 2018–19 / 19

*******

# अधिशासकीय सार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 19 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 19 / 2018–19 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2018–19 / 19 |
| 4. | विषय | – | "यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के अन्तर्गत मोटर सेक्शन के कर्मचारी संख्या की समीक्षा" विषय पर कार्याध्ययन |
| 5. | विभाग | – | यॉत्रिक |
| 6. | प्राधिकार | – | वउमप्र महोदय द्वारा अनुमोदित वर्ष 2018–19 की कार्याध्ययन सूची। |
| 7. | संदर्भित सीमायें | – | (1) यॉत्रिक कारखाना शाखा गोरखपुर के मोटर सेक्शन के कर्मचारियों का कार्यभार प्राप्त करना।<br>(2) कार्यभार की समीक्षा तथा स्वीकृत एवं कार्यरत कर्मचारियों की तुलनात्मक समीक्षा करना।<br>(3) कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कर्मचारियों की संख्या का आंकलन करना एवं कार्यभार से अधिक परिलक्षित पदों को अभ्यर्पण हेतु संस्तुति देना। |
| 8. | स्वीकृत पदों की संख्या | – | 94 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या– II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पद | – | 37 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | **रू0 368.78 लाख प्रति वर्ष** |
| 12. | वितरण तिथि | – | मार्च / 2019 |

*****

## अनुक्रमणिका


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | **आभार** | I |
| 2. | **संस्तुतियाँ** | II |
| 3. | **वित्तीय परिणाम** | II |
| 3. | अध्याय– प्रथम | 1–2 |
| | **प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें।** | |
| 4. | अध्याय– द्वितीय | 3–5 |
| | स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण। | |
| 5. | अध्याय– तृतीय | 6–9 |
| | **कार्यभार की समीक्षा एवं आवश्यक कर्मचारियों की गणना ।** | |


*******

**(I)**

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री अतुल चन्द्र बेसरा, मुख्य कारखाना प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर, एवं श्री आनन्द ऋषि, उप मुख्य यॉत्रिक इंजी0/रिपेयर के प्रति विशेष आभारी है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव/कार्य प्रबन्धक/प्लांट का विशेष रूप से आभारी है, जिन्होंने इस कार्याध्ययन के सम्पादन में हर स्तर पर समन्वय एवं सहयोग प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री आर0 के0 पाठक/सी0से0इं0/मोटर सेक्शन, यॉत्रिक कारखाना, गोरखपुर के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने वांछित ऑकड़े प्रदान करने में सहयोग किया।

*******

**(II)**

## संस्तुति सारांश

| क्र0 सं0 | संस्तुति | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | यॉत्रिक कारखाना गोरखपुर के मोटर सेक्शन में कुल 37 (ग्रुप ''सी''+ग्रुप ''डी'') कर्मचारी आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक आंकलित किये गये हैं, जिन्हें अतिशीघ्र अभ्यर्पित किया जाना चाहिए। | 3.12 |

*******

# (III)

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेलवे को निम्नलिखित वार्षिक आवर्ती बचत होगी :–

कार्याध्ययन में अधिकतम वेतनमान (9300–34800) ग्रेड पे 4200 के 01 पद का प्रतिमाह औसत खर्च =रू0 109580/–

इसी प्रकार न्यूनतम वेतनमान (5200–20200) ग्रेड पे 1800 के 01 पद का प्रतिमाह औसत खर्च =रू0 56538/–

अतएव 01 पद पर प्रतिमाह औसत खर्च = रू0 $\frac{109580 + 56638}{2}$

$= \frac{166118}{2}$

= रू0 83059

इस प्रकार अभ्यर्पित होने वाले 37 पदों का वार्षिक मूल्य = 83059 X 37 X 12
= रू0 36878196

**वार्षिक आवर्ती बचत =*रू0 तीन करोड अड़सठ लाख अठहतर हजार एक सौ छानवे मात्र।***

*******

# अध्याय– प्रथम

## 1.0 प्रस्तावना, एवं संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधिः–

1.1 वर्तमान में पूर्वोत्तर रेलवे के कुल व्यय का लगभग 50 प्रतिशत कर्मचारियों के ऊपर जाता है। उपरोक्त संदर्भ में पूर्वोत्तर रेलवे मुख्यालय एवं मण्डल स्तर पर कर्मचारियों की अधिकतम उपयोगिता सुनिश्चित करते हुए पूर्वोत्तर रेलवे के उत्पादकता एवं कार्यकुशलता में निरन्तर सुधार एवं परिचालन अनुपात (Operating Ratio) को रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य तक लाने के लिए प्रयासरत है।

1.2 वर्तमान में रेलवे अधिकारियों को प्रदान की जाने वाली स्टाफ कार अधिकांश तौर पर बाहरी एजेन्सियों से रेलवे की निर्धारित अपनी शर्तों एव दरों के अनुसार आउटसोर्स की जा रही है। जिनके मरम्मत एवं सर्विसिंग की पूर्ण जिम्मेदारी वाहय एजेन्सियों की ही होती है। इसके अतिरिक्त रेलवे की विभागीय गाड़ियॉ वर्तमान में क्रियाशील है, उनकी मरम्मत एवं सर्विसिंग भी आवश्यकतानुसार स्थानीय बाजार से कराया जाता है।

1.3 उपरोक्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक महोदय ने वर्ष 2018–19 में यॉत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के अन्तर्गत मोटर सेक्शन के कर्मचारी संख्या की समीक्षा विषय पर कार्याध्ययन सम्पादित करने हेतु निर्देशित किया है। इस कार्याध्ययन हेतु निम्न संदर्भित सीमाओं का निर्धारण किया गया है।

(1) यॉत्रिक कारखाना गोरखपुर के मोटर  सेक्शन के कर्मचारियों का कार्यभार प्राप्त करना।

(2) कार्यभार की समीक्षा तथा स्वीकृत एवं कार्यरत कर्मचारियों की तुलनात्मक समीक्षा करना।

(3) कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कर्मचारियों की संख्या का आंकलन करना एवं कार्यभार से अधिक परिलक्षित पदों को अभ्यर्पण हेतु संस्तुति देना।

******

# अध्याय द्वितीय

## 2.0 स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण तथा कार्यरत कर्मचारियों का कार्यभार :–

**2.1.** यॅात्रिक कारखाना गोरखपुर का सम्पूर्ण प्रशासनिक एवं कार्य नियंत्रण मुख्य कारखाना प्रबन्धक गोरखपुर के अधीन है। प्रबन्धन कार्य के सुचारू रूप से संचलन के लिए उप मुख्य कारखाना प्रबन्धक, कार्य प्रबन्धक एवं सहायक कार्य प्रबन्धकों की टीम कार्यरत है।

2.2 **मोटर सेक्शन के स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण** :–

| क्र.सं. | पदनाम | स्वी. सं. | वास्त. सं. | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मोटर ड्राइवर | 44 | 38 | 06 |
| 2 | मोटर मैकेनिक | 23 | 19 | 04 |
| 3 | टेक्निशियन | 13 | 13 | 00 |
| 4 | हेल्पर | 10 | 09 | 01 |
| 5 | सफाईवाला | 01 | 00 | 01 |
| 6 | चपरासी | 01 | 00 | 01 |
| 7 | लिपिकीय कर्मचारी | 03 | 01 | 02 |
| **योग** | | **95** | **80** | **15** |

**2.2.1** सफाईवाला कोटि के कर्मचारी को इस कार्याध्ययन से बाहर रखा गया है। इस प्रकार कुल स्वीकृत संख्या मात्र 94 हो गयी है।

## 2.3 मोटर ड्राईवर संवर्ग के कर्मचारियों का कार्यभार :–

1. महाप्रबन्धक कार्यालय की दो अद्द स्टाफ कारों का परिचालन। यह कार्य प्रतिदिन दो पालियों (06.00 बजे से 14.00 बजे एवं 14.00 बजे से 22.00 बजे तक) में किया जाता है। रविवार एवं अवकाश के दिनों में भी ड्राईवर की बुकिंग की जाती है।
2. मु.यॅा.इं. महोदय की स्टाफ कार का परिचालन। यह कार्य प्रतिदिन दो पालियों (06.00 बजे से 14.00 बजे एवं 14.00 बजे से 22.00 बजे तक)में किया जाता है। रविवार एवं अवकाश के दिनों में भी ड्राईवर की बुकिंग की जाती है।
3. यंत्रालय की दो ट्रक यू.पी. 53 ए.जी. 0242 एवं यू.पी. 53 ए.जी. 0249 सामग्री लाने व ले जाने हेतु विभिन्न शहरों में स्थित सरकारी प्रतिष्ठानों एवं गोरखपुर स्थित प्रतिष्ठानों में भेजी जाती है। इसका परिचालन इन्हीं चालकों द्वारा किया जाता है। साथ–साथ इनके द्वारा डिपो से मेटल स्टिल, व्हील डीश इत्यादि लाने का कार्य लिया जाता है।
4. टिपर ट्रक (हाईड्रोलिक सिस्टम) जो कि यंत्रालय के विभिन्न शापों के स्क्रेप डिस्पोजल इत्यादि कार्य में प्रयोग होता है, का परिचालन।
5. दो अदद ट्रैक्टरों का परिचालन जिसके द्वारा 36 अदद ट्रालियों का यंत्रालय एवं डिपो में प्रयोग किया जाता है।

6. यंत्रालय स्थित क्रेन का परिचालन इसके द्वारा मैटेरियल लोडिंग एवं अन लोडिंग तथा अन्य विविध कार्य किये जाते हैं।
7. यंत्रालय स्थित जे.सी.बी. का परिचालन। इसके द्वारा स्क्रैप लोडिंग इत्यादि कार्य किया जाता है।
8. यंत्रालय स्थित एम.यू.वी. (टवेरा) का परिचालन यह मल्टी यूटिलिटी वैन है इसको रेलवे कार्य से स्थानीय बाजार एवं लोकल मूवमेट में प्रयोग किया जाता है।

2.4 मोटर मैकेनिक संवर्ग के कर्मचारियों का कार्यभार :—

1. **यंत्रालय की 16 अदद की Forklifts प्रीवेन्टीव एवं ब्रेक डाउन मरम्मत।**
2. 40 अदद बी.ओ.पी.टी. (19 अदद 3 व्हीलर + 21 अदद 4 व्हीलर) का प्रीवेन्टीव एवं ब्रेक डाउन मरम्मत।
3. सभी बी.ओ.पी.टी. के ट्रैक्शन बैट्ररी की दिन में दो बार चार्जिग करना। यह कार्य बी0 एवं सी0 पाली में भी होता है।
   बी पाली — 2 कर्मचारी
   सी पाली — 2 कर्मचारी
4. 36 अदद ट्रैक्टर ट्राली जो कि यंत्रालय में स्क्रैप डिसपोजल का कार्य करती है, का मरम्मत एवं इनके टायर ट्यूब की मरम्मत।
5. 3 अदद ट्रक दो अदद ट्रैक्टर एवं अदद क्रेन एवं लोडर की सामान्य मरम्मत।
6. महाप्रबन्धक कार्यालय एवं मु.यां.इंजी. कार्यालय की स्टाफ कारों की सामान्य मरम्मत एवं इनका रख रखाव।
7. टी.एल. शाप, जी.ई.आर. शाप, मैन्युफैक्चरिंग शाप की 4 अदद Forklifts की एवं 6 अदद बी.ओ.पी.टी. का मरम्मत।
8. रेल म्युजियम स्थित टवाय ट्रेन के इंजन की मरम्मत एवं रख रखाव।
9. टूल रूम में स्पीडोमीटर के मरम्मत का कार्य।

2.5 टेक्निशियन संवर्ग के कर्मचारियों का कार्यभार :—

1. इनके द्वारा यंत्रालय की 16 अदद Forklifts के परिचालन का कार्य लिया जाता है जिनके द्वारा व्हील शाप, पेन्ट शाप, बोगी शाप, बायो टैक, डब्लू टी डब्लू एस0 हीट ट्रीटमेन्ट शाप, एयर ब्रेक शाप, फर्नि0—। एवं फर्नि0—।।, मिलराईट शाप, मशीन शाप स्मिथी शाप, स्प्रींग शाप, प्रोगेस शाप में मटेरियल ट्रान्सपोटेशन एवं डिपो से सामग्री ले जाने एवं लोने का कार्य होता है।
2. डीवीजन के आर.ओ. पर आये हुए चक्कों एवं अन्य सामग्रीयों की लोडिंग एवं अनलोडिंग का कार्य।
3. बेगी शाप एवं व्हील शाप में बी0 एवं सी0 पाली में भी Forklifts परिचालन का कार्य किया जाता है।
   बी पाली — 4 कर्मचारी
   सी पाली — इस पाली में संबंधित शाप के कर्मचारी द्वारा Forklift परिचालन किया जाता है।

## 2.6 मोटर अनुभाग के कर्मचारियों द्वारा मरम्मत एवं अनुरक्षण की जाने वाली ऐसेट्स का विवरण :–

| क्र.सं. | वाहन सं. माड्ल | प्रयोग कर्ता अधिकारी/संस्था |
|---|---|---|
| **1** | Maruti Sx4 UP 53 – AG 0604 | GM |
| **2** | Maruti Ciaz UP 53 – AG 1116 | AGM |
| **3** | Ambasdor UP 53 – AG 0087 | CME |
| **4** | Sxorpio UP 65 – EY 2387 | Secy. To CME |
| **5** | Tavera UP 53 – AG 0279 | Work Shop |
| **6** | Truck UP 53 – AG 0242 | Work Shop |
| **7** | Truck UP 53 – AG 0249 | -do- |
| **8** | Tippor Truck UP 53- AG 0278 | -do- |
| **9** | Tractor UP 53 – AG 0515 | -do- |
| **10** | Mahindra Tractor UP 53 – AG 1204 | -do- |
| **11** | ACE Road Mobile Crane | -do- |
| **12** | Evcavator Gum Loader | -do- |
| **13** | Tracter Trolley – 36 Nos | -do- |
| **14** | Fork lift 3 Ton Cap | -do- |
| **15** | Battery operated plate form Truck-40 | -do- |

## 2.7 वाहन परिचालन हेतु यॉत्रिक कारखाना द्वारा मोटर ड्राईवरों का डिप्लायमेन्ट निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | प्रयोगकर्ता अधिकारी/कार्यालय | वाहन सं. एवं प्रकार | प्रतिदिन आवश्यक चालकों की संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | GM | UP 53-AG.–0604 (मारूती 5x 4) | 2+1=03 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल है। |
| 2 | AGM | UP 53-AG –1116 (मारूती Ciaz) | 2+1=03 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल है। |
| 3 | PCME | UP 53-AG.–0087 (अम्बेस्डर) | 2+1=03 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल है। |
| 4 | Sec. PCME | UP 65-EY–2387 (Scorpio) | 1+1=2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल है। |
| 5 | PCEE | UP 53-AG..–0094 (अम्बेस्डर) | 1 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 6 | कैश कार्यालय | कैशवान | 1 | |
| 7 | CWM | UP 53-AG.–0279 (Tavera) | 2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 8 | CWM/MW | UP 53-AG..–0242 (टाटा ट्रक–10 Wheeler) | 2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 9 | CWM/MW | UP 53-AG.–0249 (टाटा ट्रक–6 Wheeler) | 2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 10 | CWM/MW | UP 53-AG.–0278 (Tipper Truck) | 1 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 11 | CWM/MW | UP 53-AG.–0515 (Tractor) | 1 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 12 | CWM/MW | UP 53-AG.–1204 (Mahindra Tractor) | 1 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 13 | CWM/MW | ACE CRANE | 2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 14 | CWM/MW | Excavator Cum Loader | 2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| एल.एच.बी. प्रोग्राम के अंतर्गत शीघ्र ही निम्न वाहन प्राप्त होने है जिनके लिए निम्न विवरण के अनुसार ड्राइवरों की आवश्यकता होगी। | | | | |
| 15 | CWM/MW | 10 Wheeler Truck | 2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 16 | CWM/MW | Mini Truck-2 अदद | 4 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 17 | CWM/MW | MUV-2 अदद | 4 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| 18 | CWM/MW | JCB | 2 | इसमें रेस्ट एवं लीव रिजर्व के कर्मचारी शामिल नहीं है। |
| योग | | | 38 | |

****

## अध्याय तृतीय

## 3.0 मोटर सेक्शन के कार्यभार की समीक्षा एवं आवश्यक कर्मचारियों की गणना :–

3.1 यॉत्रिक कारखाना, गोरखपुर के मोटर सेक्शन के कर्मचारियों का कार्यभार विवरण प्राप्त किया गया एवं उसकी समीक्षा की गयी। कार्याध्ययन के दौरान कर्मचारियों के कार्यभार का गहन अध्ययन, भौतिक प्रेक्षण, कार्य करने की परिस्थितियॉ एवं स्थानीय परिवेश को ध्यान में रखते हुए संबंधित पर्यवेक्षकगण से विस्तृत विचार–विमर्श के आधार पर कार्याध्ययन संपादित किया गया।

### 3.2 वाहन परिचालन हेतु मोटर ड्राईवरों की प्रस्तावित संख्या :–

| क्र.सं. | प्रयोगकर्त अधिकारी / कार्यालय | वाहन सं. एवं प्रकार | प्रतिदिन आवश्यक चालकों की सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | महाप्रबन्धक | Maruti Sx4 UP 53 – AG 0604 | 02 |
| 2 | अपर महाप्रबन्धक | Maruti Ciaz UP 53 – AG 1116 | 02 |
| 3 | मुख्य यॉत्रिक इंजी. | Ambasdor UP 53 – AG 0087 | 01 |
| 4 | मु.वि.ई. | Ambasdor UP 53 – AG 0094 | 01 |
| 5 | मु.का. प्रबन्धक | Tavera UP-53-AG- 0279 | 01 |
| 6 | मु.का. प्रबन्धक | Truck UP 53- AG- 0242 | 02 |
| 7 | मु.का. प्रबन्धक | Truck UP 53 – AG 0249 | 02 |
| 8 | मु.का. प्रबन्धक | Tipper Truck UP 53- AG 0278 | 01 |
| 9 | मु.का. प्रबन्धक | Tractor UP 53 – AG 0515 | 01 |
| 10 | मु.का. प्रबन्धक | Mahindra Tractor UP 53 – AG 1204 | 01 |
| 11 | मु.का. प्रबन्धक | ACE Road Mobile Crane | 01 |
| 12 | मु.का. प्रबन्धक | Excavator Cum Loader | 01 |
| **योग** | | | **16** |
| **अवकाशदाता @ 12.5 %** | | | **02** |
| **महायोग** | | | **18** |

**नोट** :– पूर्व में कैश कार्यालय हेतु जो कैशवान (संदर्भ पैरा 2.7 क्रम सं. 6) संचालित हो रहा था जिस पर 01 मोटर ड्राईवर पदस्थापित किया गया है। चूंकि कैश जमा करने का कार्य बैंकों द्वारा किया जा रहा है। इसलिए कैशवान के परिचालन का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। अतः इस पर कार्यरत ड्राईवर कोई आवश्यकता नहीं है। इसलिए कैशवान हेतु कोई ड्राईवर प्रस्तावित नहीं किया जाता है।

यॉत्रिक कारखाना द्वारा पता चला कि सचिव/प्रमुयॉइं के हेड पर एक रेलवे की UP 65-EY–2387 (Scorpio) स्टाफकार है, परन्तु यह ज्ञात हुआ है सचिव/प्रमुयॉइं के हेड पर कोई गाड़ी नहीं है। कन्ट्रोल में गाड़ी सं. यू.पी.–53–सी.ई.–1409 जो कि हायर की गयी है आवश्यकता पड़ने पर अधिकारियों द्वारा प्रयोग में लाया जाता है। अतः स्कारपियों पर कार्यरत रेलवे ड्राईवर की कोई आवश्यकता नहीं है। इस गाड़ी हेतु कोई ड्राईवर प्रस्तावित नहीं किया जाता है।

3.3 **<u>मोटर सेक्शन हेतु मोटर मैकेनिक की आवश्यकता</u>** :— मोटर मैकेनिक कारखाने में 16 Forklift एवं 40 BOPT द्वारा शाम को कार्य सम्पन्न होने के बाद जब मोटर सेक्शन में वापस आते है, तो BOPT की Battery Charging होती है। पुनः जब ये सुबह कार्य पर जाने वाले हेते हैं तो मैकेनिक इनकी सुबह चार्जिंग से डिसकनेक्ट करके छोटी खराबियों को ठीक करके शाप में कार्य करने हेतु तैयार कर लेते हैं। इसके अतिरिक्त प्रतिदिन औसतन दो Forklift एवं दो BOPT का रूटीन चेकअॅप किया जाता है। दिन में बी.ओ.पी.टी. की दो बार चार्जिंग करनी होती है। उपरोक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए मोटर सेक्शन में मोटर मैकेनिक का डिप्लायमेन्ट निम्नवत् होगा :—

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | ट्रालियों, ट्रैक्टर के पहियों के पंक्चर मरम्मत हेतु कार्यरत। | 02 मैकेनिक |
| 2 | सामान्य पाली (7.15 बजे से 16.45 बजे तक) में फार्क लिफ्टों में आयी छोटी—छोटी खराबियों को ठीक करते है। इसके अतिरिक्त बी.ओ.पी.टी. की बैट्री की चार्जिंग संबंधित कार्य करते हैं। | 02 मैकेनिक (1 मैकेनिकल साइड+1 इलेक्ट्रिकल साइड) |
| 3 | बी. पाली (15.00 बजे से 23.00 बजे) में कार्यरत फार्क लिफ्टों में आयी खराबियों तथा बी.ओ.पी.टी. में भी आयी खराबियों को रिपेयर करने के साथ बैट्री की चार्जिंग संबंधित भी कार्य करते हैं। | 02 मैकेनिक (1 मैकेनिकल साइड+1 इलेक्ट्रिकल साइड) |
| 4 | बी. पाली (22.00 बजे से 06.00 बजे) में शाप में फार्क लिफ्टों में आयी खराबियों की मरम्मत कार्य करने हेतु लगाये गये हैं। | 02 मैकेनिक (1 मैकेनिकल साइड+1 इलेक्ट्रिकल साइड) |
| 5 | स्टोर संबंधित कार्य करता है। | 01 मैकेनिक |
| 6 | रूटिन चेकअप (दो फार्क लिफ्टर+2 बी.ओ.पी.टी. हेतु) एवं सर्विसिंग। | 05 मैकेनिक (3 मैकेनिकल साइड+2 इलेक्ट्रिकल साइड) |
| 7 | स्टाफ कार के छोटे मरम्मत कार्य हेतु | 01 मैकेनिक |
| **योग** | | **15 कर्मचारी** |
| **आवकाशदाता @ 12.5 %** | | **02 कर्मचारी** |
| **महायोग** | | **17 कर्मचारी** |

3.4 **<u>मोटर सेक्शन हेतु टेक्निशियन की आवश्यकता</u>** :– इनका द्वारा यॉत्रालय की 16 अद्द फार्क लिफ्टर के परिचालन का कार्य किया जाता है विभिन्न शापों में इनका डिप्लायमेन्ट निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. व्हील शाप | – | 1 टेक्निशियन – | सामान्य पाली |
| | | 2 टेक्निशियन – | ''बी'' पाली हेतु |
| 2. बोगी शाप | – | 2 टेक्निशियन – | सामान्य पाली |
| | – | 2 टेक्निशियन – | ''बी'' पाली हेतु |
| 3. स्प्रींग शाप | – | 1 टेक्निशियन – | सामान्य पाली |
| 4. बायो टैंक | – | 2 टेक्निशियन – | सामान्य पाली |
| 5. पेंट शाप | – | 1 टेक्निशियन – | सामान्य पाली |
| 6. एयर ब्रेक+मिलराइट+ फर्निशिंग–।+ फर्निशिंग–।।+ मशीन शाप +हीटट्रीटमेंट शाप | – | 1 टेक्निशियन – | सामान्य पाली |
| **योग** | **–** | **12 टेक्निशियन** | |
| **आवकाशदता @ 12.50%** | | | |
| **1.5, Say** | **–** | **2 टेक्निशियन** | |
| **महायोग** | **–** | **14 टेक्निशियन** | |

3.5 मोटर सेक्शन हेतु हेल्पर की आवश्यकता निम्नवत् होगी :–

| | |
|---|---|
| ट्रिपरट्रक जिससे वर्कशाप में स्क्रैप डिस्पोजल संबंधित कार्य होता है | – 1 हेल्पर |
| दो ट्रैक्टर जो वर्कशाप में कार्यरत हैं, हेतु | – 2 हेल्पर |
| फार्कलिफ्टर+BOPT के रूटीन चेकअप पर 5 मैकेनिक के साथ हेल्प एवं सफाई हेतु | – 3 हेल्पर |
| **कुल आवश्यकता** | **– 6 हेल्पर** |
| **आवकाशदाता @ 12.50%** | **– 1 हेल्पर** |
| **महायोग** | **– 7 हेल्पर** |

3.7 सांख्यिकीय एवं लिपिकीय कार्य हेतु – 01 लिपिक उपयुक्त है

3.8 चपरासी मोटर सेक्शन हेतु चपरासी की कोई आवश्यकता प्रतीत नही होता है। संलग्न कर्मचारियों से कार्य किया जाता है।

3.9 इस प्रकार सेक्शन हेतु विभिन्न कोटि के कर्मचारियों की प्रस्तावित संख्या निम्नवत् होगी।

| | | |
|---|---|---|
| रेलवे वाहन के संचालन हेतु मोटर सेक्शन में मोटर ड्राइवरों की आवश्यकता | – | 18 |
| मोटर मैकेनिक की आवश्यकता | – | 17 |
| टेक्निशियन की आवश्यकता | – | 14 |
| हेल्पर की आवश्यकता | – | 07 |
| लिपिक की आवश्यकता | – | 01 |
| **मोटर सेक्शन हेतु कुल कर्मचारियों की आवश्यकता** | **–** | **57** |

3.10 **मोटर सेक्शन के विभिन्न कोटि के कर्मचारियों की स्वीकृत एवं प्रस्तावित संख्या का तुलनात्मक विवरण** :–

| क्र.सं. | कोटि | स्वी. सं. | प्रस्तावित सं. |
|---|---|---|---|
| 1 | मोटर ड्राइवर | 44 | 18 |
| 2 | मोटर मैकेनिक | 23 | 17 |
| 3 | टेक्निशियन | 13 | 14 |
| 4 | हेल्पर | 10 | 07 |
| 5 | लिपिक | 03 | 01 |
| 6 | चपरासी | 01 | – |
| योग | | 94 | 57 |

**सरप्लस कर्मचारी = 94 – 57 = 37 कर्मचारी**

3.11 संस्तुति :– **यॉत्रिक कारखाना गोरखपुर के मोटर सेक्शन में कुल 37 (ग्रुप ''सी'' + ''डी'') कर्मचारी आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक आंकलित किये गये है, अतिशीघ्र अभ्यर्पित किया जाये।**

*********